समाचार

अप्रैल से शुरू होगा मेट्रो का विस्तार

Jan 01, 05:30 am

Print

नोएडा, संवाददाता : अप्रैल माह से शहर में मेट्रो के दूसरे चरण का कार्य शुरू हो जाएगा। इसके तहत मेट्रो को सिटी सेंटर से सेक्टर 62 ले जाया जाएगा। वैशाली (गाजियाबाद) को भी इस रूट से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस पर अनौपचारिक सहमति बन चुकी है। अब योजना को अमली जामा पहनाने की कवायद चल रही है।

एनसीआर के शहरों के बीच सुगम यातायात में मेट्रो मील का पत्थर साबित हुई है। नोएडा में इसका आगमन शहरवासियों के लिए बड़ी सौगात रही है। शहर में पहले चरण में मेट्रो सेक्टर 32 सिटी सेंटर तक आ चुकी है, जिस पर प्रतिदिन लाखों की संख्या में लोग सफर कर रहे हैं। दूसरे चरण में इसे बढ़ाकर सेक्टर 62 तक ले जाने की योजना थी। प्राधिकरण अध्यक्ष मोहिंदर सिंह ने सोमवार को घोषणा की कि मेट्रो के दूसरे चरण का निर्माण कार्य अप्रैल से शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) और आरपीएम तैयार किया जा चुका है। जनवरी में इसके लिए निविदा जारी कर दी जाएगी। सेक्टर 62 के बाद मेट्रो को वैशाली तक ले जाने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए डीएमआरसी (दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन) और जीडीए (गाजियाबाद विकास प्राधिकरण) से बात कर अनौपचारिक सहमति बन गई है। इसकी डीपीआर तैयार कर जल्द काम शुरू होने की उम्मीद है। वैशाली तक मेट्रो पहुंचने के बाद सेक्टर 62 से लक्ष्मी नगर और आनंद विहार की तरफ जाने वालों को बड़ी राहत मिलेगी।

ग्रेटर नोएडा मेट्रो के लिए बैठक

मेट्रो को नोएडा सिटी सेंटर स्टेशन से ग्रेटर नोएडा ले जाने का काम भी अप्रैल में शुरू होगा। जनवरी में इसके लिए भी निविदा जारी होगी। इसके लिए सोमवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में अहम बैठक हुई। दूसरे चरण में मेट्रो को सेक्टर 62 के अलावा ग्रेटर नोएडा में बोड़ाकी रेलवे स्टेशन तक ले जाने की योजना है। इसका रूट सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन सेक्टर 49, 50, 52 होते हुए एक्सप्रेस-वे, परीचौक, अल्फा कॅमर्शियल बेल्ट, नॉलेज पार्क चार स्थित विप्रो कंपनी होते हुए बोड़ाकी रेलवे स्टेशन होगा। करीब 30 किलोमीटर लंबे इस ट्रैक पर 22 स्टेशन प्रस्तावित हैं। इनमें से सात स्टेशन ग्रेटर नोएडा में होंगे।

निजता नीति | सेवा की शर्तें | आपके सुझाव
इस पृष्ठ की सामग्री जागरण प्रकाशन लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई है
कॉपीराइट © 2007 याहू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सर्वाधिकार सुरक्षित
कॉपीराइट / IP नीति